सत्यमेव जयते

# भारत के

**67वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर**

# प्रशासक

**दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली**

**का**

**अभिभाषण**

**दमण एवं दीव के संदर्भ में**

**15 अगस्त, 2013**

माननीय सांसद श्री लालूभाई बी. पटेल,

दमण जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री केतन पटेल ,

दमण नगरपालिका की अध्यक्ष श्रीमती सिम्पलबेन काटेला,

पुलिस महा-निरीक्षक श्री राजेश खुराना ,

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आर.आर. देशमुख,

संघ प्रशासन दमण एवं दीव के सभी सचिव,

समाहर्ता, दमण,

मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री एस.पी.पॉल,

न्यायिक मजिस्ट्रेट First Class, श्री अमर जे. बाफना,

माननीय पूर्व सांसद श्री डायाभाई पटेल, श्री गोपालभाई टंडेल और श्री देवजीभाई टंडेल,

दमण एवं दीव के स्वतंत्रता सेनानी,

सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि,

चुने हुए सभी जन-प्रतिनिधि,

सरकारी अधिकारीगण,

यहॉं उपस्थित उद्योगपति,

मीडिया के प्रतिनिधि,

भाईयों-बहनों एवं प्यारे बच्चों ।

भारतीय आज़ादी की 67वीं वर्षगांठ के अवसर पर मैं दमण एवं दीव की जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ । भारत की आज़ादी लगभग 100 वर्षों के कठिन संघर्ष के बाद हासिल हुई थी । आज इस अवसर पर हम हमारे सभी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं, जिन्होंने भारत की आज़ादी के लिए महान कुर्बानियॉ दी थीं ।

जैसा कि आप जानते हैं कि उत्तराखंड राज्य प्राकृतिक आपदा का शिकार हुआ, जिससे राज्य के लोगों को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ा । इस आपदा से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए संघ प्रदेश के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने एक दिन का वेतन donate किया है, और 22.65 लाख रूपये की कुल राशि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के राहत कोष में भेजी गई । इसके अतिरिक्त दीव के कुछ उदार लोगों द्वारा 7 लाख रूपयों की अतिरिक्त राशि भी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के राहत कोष में भेजी गई है । इस अच्छे प्रयास के लिए सभी लोगों द्वारा दिये गये योगदान की मैं सराहना करता हूँ और उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ ।

भारत की मुख्य धारा से जुड़ने के पश्चात इस प्रदेश में उल्लेखनीय प्रगति हुई है । हमें बहुत गर्व है कि यह प्रदेश सदैव ही

शांति और सद्भावना का साक्षी रहा है । परन्तु इस प्रदेश की जनसंख्या वर्ष 2001 में 1.58 लाख से बढ़कर वर्ष 2011 में 2.42 लाख हो गयी। साथ ही, औद्योगिक और अन्य आर्थिक गतिविधियों की तीव्र वृद्धि के कारण इस प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क एवं पुल, विद्युत उप- केंद्र, जल आपूर्ति, साफ-सफाई, जनसंख्या नियंत्रण तथा अन्य विश्व स्तरीय Infrastructure सुविधाओं के विकास की आवश्यकता है । हम इस प्रदेश के सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास की चुनौती का सामना करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं ।

**दौरा कार्यक्रम** :-

मुझे यह बताते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि पिछले कुछ महीनों में माननीय गृह मंत्री तथा माननीय गृह राज्य मंत्री दोनों ने इस प्रदेश का दौरा किया और हमारे विकास तथा प्रगति के क्षेत्र में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों की सराहना की । उनके इन दौरों से हमें उन सभी नई परियोजनाओं की ओर उनका ध्यान आकर्षित करने का अवसर मिला जिन्हें हम शुरू कर रहे हैं और वे मुद्दे भी, जिन्हें भारत सरकार द्वारा हल किए जाने की आवश्यकता है । मैंने गृह सचिव से भी जल्द से जल्द इस संघ प्रदेश के दौरे के लिए निवेदन किया है ।

**<u>योजना आबंटन और व्यय :</u>**

मुझे आपको यह बताते हुए बहुत खुशी है कि अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए भारत सरकार ने हमारी योजना निधि को वर्ष 2012-13 में 425 करोड़ रुपये से बढ़ाकर चालू वर्ष 2013-14 में 630 करोड़ रुपये कर दी है । कुल फंड में से सबसे अधिक आबंटन Infrastructure से संबन्धित परियोजनाओं के लिए इस प्रकार किया गया है : सड़क एवं परिवहन के लिए 172 करोड़ रुपये, ऊर्जा के लिए 102 करोड़ रुपये, शिक्षा के लिए 80 करोड़ रुपये तथा चिकित्सा एवं जन-स्वास्थ्य के लिए 45 करोड़ रुपये है ।

वर्ष 2012-13 में संघ प्रदेश का कुल राजस्व 558 करोड़ रुपये था । हमें पता चला है कि वर्ष 2012-13 में संघ प्रदेश से संग्रह की गई केंद्रीय आबकारी की कुल राशि 3200 करोड़ रुपये से अधिक थी, जबकि आयकर लगभग 100 करोड़ रुपये था । इसका अर्थ है कि हमारे संघ प्रदेश ने भारत सरकार को पिछले वर्ष कुल 3,800 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया । इसलिए हमारे राजस्व और लागू की जाने वाली परियोजनाओं पर विचार करते हुए हम आगामी वर्ष में अधिक fund आबंटन के लिए भारत सरकार से अनुरोध करेंगे ।

**<u>Infrastructure (सड़क / पुल/ जल आपूर्ति) :-</u>**

मैंने हमेशा कहा है कि Infrastructure प्रदेश की प्रगति का आधार है । मुझे खुशी है कि संघ प्रदेश प्रशासन द्वारा सड़कों, पुलों और जल आपूर्ति की महत्वपूर्ण परियोजनाएँ शुरू की गई हैं ।

लगभग 112 करोड़ रूपये की लागत से 45 किलोमीटर मार्ग क्षेत्र सड़कों का निर्माण और ग्राम पंचायत की डामर वाली सड़कों को Concrete करना, उनकी improvement, widening, flyovers के निर्माण और paver block flooring लगाकर beautification का कार्य शुरू किया है ।

इस समुद्रतटीय प्रदेश में कई नदियों की मौज़ूदगी के कारण connectivity के लिए bridge network महत्वपूर्ण है । वर्तमान में हम लगभग 127 करोड़ रूपये की लागत वाली bridge projects पर काम कर रहे हैं, जिसमें 62 करोड़ रूपये की लागत से कचीगाम-मगरवाड़ा में और 42 करोड़ रूपये की लागत से झरी-कचीगाम में दमणगंगा नदी पर पुल के निर्माण का कार्य शामिल है, जिसके लिए भारत सरकार के अंतिम अनुमोदन की प्रतीक्षा की जा रही है । इसी हफ्ते हमने 32.5 करोड़ रूपये की लागत से दीव को घोघला से जोड़ने वाले दूसरे पुल के निर्माण कार्य को मंजूरी दी है ।

अत्यंत खारे पानी वाला और उच्च जनसंख्या एवं औद्योगिक density वाला समुद्रतटीय क्षेत्र होने के कारण पेयजल की भरोसेमंद आपूर्ति जरूरी है । हमारे पास 132 करोड़ रूपये की लागत से pipeline network को विस्तारित करने और जल शुद्धिकरण की क्षमता बढ़ाने की परियोजनाएँ हैं । मुख्य परियोजनाओं में 49 करोड़ रूपये की लागत से मधुबन डैम से डाभेल, दुनेठा और मगरवाड़ा में Water Treatment plants तक pipeline बिछाने की योजना और 16 करोड़ रूपये की लागत से दुनेठा में, 25 करोड़ रूपये की लागत से डाभेल में और 15 करोड़ रूपये की लागत से मगरवाड़ा में Water Treatment plant की क्षमता बढ़ाना शामिल है । दीव जिले के लिए भी एक महत्वपूर्ण पाईपलाईन परियोजना शुरू की जा रही है ।

**<u>शिक्षा :-</u>**

विभिन्न स्थानों पर सभी बुनियादी सुविधाओं के साथ Primary School इमारत के निर्माण एवं नवीनीकरण का कार्य मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने के लिए किया गया है । मैंने अधिकारियों के बीच सभी सरकारी स्कूलों को आबंटित किया था । सभी अधिकारियों ने अपने-अपने स्कूलों का दौरा किया और बुनियादी ढाँचे में कमियों को

सूचीबद्ध किया । अब हम आगामी छः महीनों के अंदर उन कमियों को पूरी करने का प्रयास करेंगे ।

दमण एवं दीव के 06 High Schools को Higher Secondary Schools के रूप में Upgrade किया गया है । दीव के वणांकबारा में Girls Higher Secondary School के लिए एक नई बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव है । इस वर्ष पहले की गई घोषणा के अनुसार कक्षा-XI और पोलिटेक्निक के प्रथम वर्ष के छात्रों को नि:शुल्क लैप-टॉप देने के लिए हमने एक स्कीम बनाई है । लैप-टॉप खरीदने के लिए tender मंगाये गये हैं । इस स्कीम के अंतर्गत जल्द ही 3000 लैप-टॉप वितरित करने की हम आशा करते हैं ।

दमण एवं दीव दोनों जिलों में स्कूली शिक्षा की quality में सुधार के लिए CII Institute of Quality की साझेदारी में “Sarvottam” नाम की परियोजना शुरू की गई है । इस परियोजना के अंतर्गत दमण के 10 स्कूलों और दीव के 10 स्कूलों ने quality के सुधार और एक राष्ट्रस्तरीय एजेंसी के अंतिम मान्यता की दिशा में अपना सफर शुरू कर दिया है । इन स्कूलों के अनुभव के आधार पर हम दोनों जिलों में और अधिक स्कूलों को शामिल करेंगे और कुछ वर्षों में संघ प्रदेश के सभी स्कूलों को इसके अंतर्गत लायेंगे ।

मेरे वादे के अनुसार दीव में छात्रों को आवश्यक उच्चत्तर शिक्षा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए पहले Degree College का उदघाटन पिछले महीने किया गया । हमने दीव College के लिए भूमि आवंटित कर दी है और अब open Competition के जरिए इसके भवन की डिजाईन तैयार करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । प्रशासन ने दीव में चालू अकादमिक वर्ष के दौरान 04 डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 30-30 छात्रों के साथ पहले पोलिटेक्निक की शुरूआत करने का निर्णय लिया है । प्रशासन ने एक Education hub के निर्माण के लिए दीव के डांगरवाड़ी में 28 एकड़ भूमि आवंटित की है । इसमें दीव College, दीव पोलिटेक्निक, Food and Craft Institute, Science Centre, Common playground और केन्द्रीय विद्यालय के भवन शामिल होंगे, इसके बाद भी भावी परियोजनाओं के लिए काफी भूमि बची रहेगी ।

दमण के Government College building को upgrade करने की हमारी योजना है । हम दमण में जल्द से जल्द एक Engineering College और एक Medical College शुरू करने की संभावना की जॉच कर रहे हैं ।

**Gyan Gaurav Award Scheme**:

संघ प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाने के साथ-साथ  हमारे लिए यह जरूरी है कि हम अपने छात्रों को national level पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए encourage करें और साथ ही विद्यालय स्तर पर भी एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए encourage करें। इस उद्देश्य के लिए, हमने “ज्ञान गौरव” के नाम से एक नई award scheme तैयार की है जो 12वीं कक्षा के result के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों और स्कूलों को दिये जायेंगे। इस scheme के तहत, science, commerce, humanities और Vocational streams के top तीन छात्रों को एक पुरस्कार के साथ प्रशासक की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। इसके अलावे, संघ प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के best Higher Secondary School को भी पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। हमारा उद्देश्य हमारे students और स्कूलों को उनके प्रदर्शन में पहले से ज्यादा सुधार हेतु बढ़ावा देना है।

**स्वास्थ्य** :-

हम इस प्रदेश के निवासियों के लिए सबसे अच्छी जन स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए बेहतर प्रयास कर रहे हैं । दीव में 60 बेड और दमण के मरवड़ अस्पताल में अतिरिक्त 30 बेड वाले

अस्पताल का निर्माण कार्य प्रगति पर  है । दमण के मरवड़ अस्पताल में लंबे समय से एक Dialysis unit की मांग की जा रही थी । इसे पूरा करते हुए इस वर्ष मई महीने में Dialysis unit की स्थापना की गई । इससे काफी मरीजों को लाभ मिला है । PHC कचीगाम को हमने आम जनता के लिए 24 घंटे खोल दिया है । इस वर्ष मरवड़ अस्पताल में MRI और Mammography सुविधा शुरू करने की हमारी योजना है ।

हम सभी जानते हैं कि संघ प्रदेश दमण एवं दीव में Speciality एवं Super Speciality स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है । सरकारी अस्पतालों में Specialist डॉक्टरों की नियुक्ति के हमारे अथक प्रयासों को अनुकूल response नहीं मिल पाया है । इसलिए हमने इन महत्वपूर्ण सेवाओं को दमण एवं दीव में मुहैया कराने के लिए प्राईवेट सेक्टर के विश्वसनीय सेवादाताओं का सहयोग लेने का निर्णय लिया है । हमने Wockhardt group of hospitals के साथ समझौता किया है, जिसके तहत वे Cardiology, Neurology, Gastroenterology, Cardiac और Neuro Surgery के क्षेत्र में OPD और operative सेवाएँ मुहैया करायेंगे । इसके अलावा वे दीव में Ophthalmology, Orthopaedics, Obstetrics & Gynaecology संबंधी सेवाएँ उपलब्ध करायेंगे । इनमें से कुछ सेवाएँ सप्ताहिक और

अन्य हर पंद्रह दिनों में उपलब्ध कराई जा रही हैं । ये सेवाएँ इस वर्ष 01 सितम्बर से सरकारी अस्पताल में उपलब्ध हो जाएंगी ।

**Sanjeevani Bima Yojana**:

जनता को सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकल्प कराने के लिए संघ प्रदेश प्रशासन ने व्यापक स्वास्थ्य बीमा स्कीम **'संजीवनी बीमा योजना'** के नाम से शुरू करने का निर्णय लिया है । इसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के सभी लाभों के अलावा अधिक सुरक्षा कवर प्राप्त होगा । यह बीमा योजना सभी BPL और 1 लाख रूपये से कम आय वाले गरीब परिवारों को सम्मिलित करेगी जिसके तहत प्रत्येक परिवार को 2 लाख रूपये तक का सालाना कवर प्राप्त होगा ।

दुर्घटना, अपंगता या मृत्यु की स्थिति में 1 लाख रूपये प्रति व्यक्ति तक का बीमा कवर इस योजना में अतिरिक्त लाभ के रूप में मिलेगा । यह योजना गुजरात तथा महाराष्ट्र के नामचीन (Reputed) अस्पतालों के माध्यम से लागू की जायेगी । इसमें एक 24 घंटे का टोल-फ्री कॉल सेंटर नंबर भी होगा । यह योजना **100 % Cashless** होगी जिसका अर्थ है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी निर्धारित अस्पताल में जाकर बिना कुछ दिए 2 लाख रूपये तक का इलाज करा सकता है । संघ प्रदेश के अन्य नागरिक भी प्रीमियम अदा करके इस योजना

का लाभ उठा सकते हैं । मैं आशा करता हूँ कि आने वाले समय में उद्योगों द्वारा नियोजित (Employed) श्रम-शक्ति को भी इस योजना के दायरे में लाया जायेगा ।

**<u>आपात-प्रबंध :</u>**

इस वर्ष **State Response Disaster Management Fund** बनाया गया है। जिसके लिए संघ प्रदेश ने 1 करोड़ तथा भारत सरकार ने 5 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। इस **Fund** का प्रयोग किसी भी आपातकाल से बचने के लिए किया जाएगा ।

**<u>Fisheries :</u>**

मछुआरा समुदाय हमारे समाज का महत्वपूर्ण तबका है और संघ प्रशासन उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है । सरकार की कई स्कीमों के तहत उन्हें सहायता मुहैया कराई जा रही है । दीव के घोघला में छोटे परंपरागत बोट मालिकों के लाभ के लिए 75% subsidy से केरोसीन से चलनेवाली OBM इंजिन को बदलकर LPG से चलनेवाली OBM इंजिन लगाने की नयी स्कीम को हाल ही में अनुमोदित किया गया है । प्रदेश के मछुआरे भाईयों की मांग पर विचार करते हुए 100 HP से अधिक के mechanized fishing vessels के लिए VAT

free diesel पर वार्षिक सीमा को 24,000 लीटर प्रति वर्ष से बढ़ाकर 28,000 लीटर प्रति वर्ष कर दिया गया है ।

मुझे खुशी है कि मई, 2013 में पाकिस्तान जेल से दीव के 09 मछुआरों को छोडा गया और अब वे अपने परिवार के साथ हैं । दीव के शेष 68 मछुआरे अभी भी पाकिस्तान जेल में हैं । प्रशासन इन मछुआरों की पाकिस्तान जेल से रिहाई के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है ।

**<u>पर्यटन :-</u>**

हमने महसूस किया है कि आने वाले वर्षों में इस प्रदेश के लिए सबसे अधिक संभावना एवं क्षमता रखने वाला क्षेत्र पर्यटन है । इसलिए हम इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं । दमण में Cable Stayed bridge की डिजाईन का काम प्रगति पर है । प्रदेश के सभी धरोहर भवनों की मरम्मत एवं संरक्षण का कार्य Indian National Trust for Art & Cultural Heritage (INTACH) की साझेदारी से शुरू किया गया है । पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूरे मोटी दमण के फोर्ट एरिया को विशेष परियोजना के रूप में विकसित करने का हमारा विचार है । दीव में अगले वर्ष नये अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा होते ही मौजूदा अस्पताल भवन की मरम्मत कर इसे राज्य संग्राहलय में बदलने का

हमारा प्रस्ताव है । दीव में मौजूदा old city wall के ऊपर heritage walk-way बनाया गया है । दीव में चक्रतीर्थ समुद्रतट के पास और St. Thomas Church के नजदीक नये गार्डन विकसित किये गये हैं । दीव के लिए 40 सीटों वाली नई पर्यटन बोट खरीदी जा रही है । out door गतिविधियों में रूचि रखने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए दीव शहर से नागवा समुद्रतट एक Cycling track का निर्माण किया जा रहा है । पर्यटन में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में हम एक Promotional campaign शुरू करने जा रहे है, जिसके लिए professional Marketing Consultant नियुक्त करने की प्रक्रिया जारी है ।

**<u>वन:</u>**

संवेदी तटीय Ecology क्षेत्र होने के कारण प्रशासन संघ प्रदेश के तटीय सुरक्षा के लिए भरसक प्रयास कर रहा है, और वृक्षारोपण कार्यक्रम के द्‌वारा हरित क्षेत्र को बढ़ाया जा रहा है। एक नवीन Inspection Path को देवका रोड पर कडैया के पास नानी दमण में विकसित किया गया है और हमें उम्मीद है कि यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा। हम दीव स्थित Fudam Bird Sanctuary को

विकसित एवं संरक्षित करने का कार्य शुरू कर रहे हैं । चालू वर्ष में हम दीव में दगाची Reserve Forest में eco-tourism विकसित करेंगे ।

**Energy:**

हम उचित कीमत पर quality power प्रदान करने के लिए सभी उपाय कर रहे हैं। रिंगणवाडा में 220KV के sub-station की स्थापना के हमारे project को भारत सरकार के अनुमोदन का इंतजार है। दमण में 39 किलोमीटर के overhead 11KV और low tension line को underground cable में तबदील किया गया है। दीव में 20 किलोमीटर के 11KV overhead line को underground cable में तबदील करने का कार्य प्रगति पर है। हम ऐसा महसूस करते हैं कि हमारे स्थायी विकास के लिए renewable energy बहुत महत्वपूर्ण है। हमने विभिन्न सरकारी इमारतों की छतों पर पहले ही 139KW की solar energy System लगा ली है। अब हमने मगरवाडा, दमण में 1MW solar power plant और दीव में 3MW solar power plant को जल्द से जल्द लगाने का निर्णय लिया है ।

**Social Welfare**:

मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि दमण एवं दीव देश के उन 20 जिलों में शामिल है जिन्होंने भारत सरकार के Direct

Benefit Transfer Scheme को लागू किया है। हम scholarships और अन्य लाभों को सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा कर रहे हैं। इस scheme को LPG subsidy के लिए विस्तारित करते हुए दीव जिले में इस वर्ष जून माह से लागू किया गया है। मैं संघ प्रदेश के सभी नागरिकों से निवेदन करता हूँ कि वे इस बात को सुनिश्चित करें कि उनके आधार कार्ड नम्बर उनके बैंक खातों के साथ link किये गये हैं ताकि भारत सरकार की किसी भी योजना का लाभ transfer करने में हमें कोई मुश्किल न हो।

सरस्वती साधना योजना के तहत जहॉ कक्षा VIII की SC/ST छात्राओं को नि:शुल्क साईकिल दी जाती है, पिछले वर्ष संघ प्रदेश में 195 बालिकाओं को साईकिल वितरित की गई । चालू वर्ष में हमने नि:शुल्क वितरित किये जाने वाली साईकिल को कक्षा VIII में पढ़ने वाली सभी 1200 छात्राओं को देने का निर्णय लिया है । इसके पीछे हमारा उद्देश्य high school में प्रवेश करने से वंचित रहने वाली बालिकाओं की संख्या को कम करना है।

कुछ दिन पहले हमने अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया था । वहॉ मैंने घोषणा की थी कि हम दमण में एक आदिवासी भवन का

निर्माण करेंगे । हमने इस भवन के लिए ज़मीन ढूँढ़नी शुरू कर दी है ।

**<u>बैंक एवं निवेश-परामर्श :</u>**

संघ प्रदेश में बैंकों की बढ़ती सक्रियता के कारण **Financial Inclusion** बढ़ा है । फिर भी बैंकों को आम आदमी तक पहुँचने के लिए और अधिक प्रयास करने चाहिए। बैंकों से हम आग्रह करेंगे कि **Financial Counseling** भी शुरु करें जिससे संघ प्रदेश की जनता अपनी बचत का सदुपयोग कर सके।

**<u>National Food Security Ordinance</u>**:

जैसा कि आप जानते हैं कि, हाल ही में भारत सरकार ने प्रत्येक राज्य और संघ प्रदेश के 50% शहरी जनसंख्या और 75% ग्रामीण जनसंख्या को रियायत दर पर अनाज उपलब्ध करवाने के लिए National Food Security Ordinance को लागू किया है। सरकार की इस पहल को लागू करने के लिए हमने जानकारी इकट्ठा करने का कार्य शुरू किया है । इस scheme के तहत संघ प्रदेश के करीब 01 लाख लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा।

**Sewerage and Sanitation**:

स्वस्थ वातावरण के लिए स्वच्छता अनिवार्य है। एक underground sewerage system परियोजना को मोटी दमण के लिए 19 करोड़ 98 लाख रूपये की लागत हेतु और दीव नगरपालिका क्षेत्र के लिए 32 करोड़ 15 लाख रूपये की लागत हेतु मंजूरी प्रदान की गई है। नानी दमण की जल-निकासी के लिए भी हमने कार्य आरंभ किये हैं। दमण हेतु व्यापक Solid Waste Management के लिए design तैयार करने हेतु हमने एक consultant appoint किया है। इसी तरह कि एक योजना 24 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से दीव में भी चलाये जाने का प्रस्ताव advanced stage में है ।

**Local Self Government** :

लोकतंत्र में हमारे विश्वास को मजबूती प्रदान करने और प्रशासन में लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करने के अलावे हमारी स्थानीय सरकार ने सीधे तौर पर लोगों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए मुख्य विकास संबंधी योजनाओं को लागू किया है।

दमण नगरपालिका प्रतिवर्ष 95 लाख रूपये की राशि पेंशन के रूप में 882 वरिष्ठ नागरिकों, 956 विधवाओं और 121 अपंग व्यक्तियों को प्रभावी तरीके से प्रदान कर रही है। यह कई pavement,

drainage और RCC road projects को पूरा करने का काम भी कर रही है। 20 करोड़ रूपये की लागत से मोटी दमण में underground water drainage system तैयार किया जा रहा है तथा internal road, foot path को बनाने और इसके beautification के लिए 01 करोड़ 83 लाख रूपये का project पर काम चल रहा है।

दीव नगरपालिका 12वें पंचवर्षीय योजना में लगभग 193 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं पर काम कर रही है, जिसमें 52 करोड़ रूपये की लागत से सड़कों को चौड़ा एवं उसके मरम्मत करने का कार्य और 22 करोड़ रूपये की लागत से flood protection wall बनाने की परियोजना शामिल है। संघ प्रदेश प्रशासन के सहायता अनुदान के तहत नई नगरपालिका परिसर बनाने के लिए पालिका को 02 करोड़ 65 लाख रूपये की राशि दी गई है।

दमण एवं दीव पंचायत विनियम, 2012 के प्रावधानों के अनुसार और दीव के निवासियों की पुरानी मॉग को देखते हुये 17 जुलाई, 2013 से दीव जिले के लिए अलग दीव पंचायत को गठित किया गया है। नये जिला पंचायत को प्रभावी बनाने के लिए हर जरूरी मानव एवं वित्तीय संसाधन प्रदान की जायेगी। मैं दीव के नये जिला पंचायत को दीव जिले के व्यापक विकास के लिए शुभकामनाऐं देता हूँ।

पूर्व दमण एवं दीव जिला पंचायत ने पंचायत क्षेत्र के कुल 4289 लोगों को old age, विधवा एवं disability पेंशन सफलतापूर्वक वितरित किया है । पंचायत 30 करोड़ 75 लाख रूपये की लागत से school, तालाब और सुरक्षा संबंधी दीवारों को बनाने की परियोजना पर भी काम कर रहा है। जिला पंचायत ने Mid Day Meal Scheme को भी लागू की है जिससे 9422 छात्र-छात्राओं को लाभ मिला है और साथ ही उन 9456 विद्यार्थियों को नि:शुल्क text books और 3132 छात्राओं को नि:शुल्क uniform वितरित किये हैं जो SC/ST scheme के तहत नहीं आते।

**<u>Information Technology</u>**:

हमने एक महत्वपूर्ण IT project शुरू किया है जिसके अनुसार हम समय सुधिनी सेवा के तहत लोगों को time bound सेवा प्रदान कर रहे हैं । हमने इस Project को 29 सेवाओं के साथ इसी वर्ष मई माह में शुरू किया था, जबकि पिछले माह 23 और सेवाओं को इसके साथ जोड़ा गया है। इस scheme को लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर सराहा गया है। हम संघ प्रदेश में 4 common service centre स्थापित करने जा रहे हैं जिसके तहत एक ही छत के नीचे कई सरकारी सेवाऐं मिल पायेगी और लोगों इन सेवाओं के लिए अलग अलग department में

नहीं जाना पड़ेगा। Land Record के digitization का कार्य लगभग पूरा हो चूका है और अति शीघ्र computerized Form- I और XIV जारी किये जायेंगे।

**Sports Promotion:**

चरित्र निर्माण एवं Competitive Spirit के विकास में खेलकूद के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अत:, अब प्रशासन के द्वारा sports पर विशेष बल दिया जा रहा है।

दमण के college ground पर 2 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से एक sports complex बनाया जा रहा है जो आधुनिक सुविधाओं और athletic track से युक्त होगा। दीव में Padma Bhushan Sports Complex को swimming pool और volleyball, basketball तथा tennis courts की सुविधा से लैश कर पुन: विकसित किया जा रहा है। दमण एवं अन्य राज्यों से आने वाले युवाओं के लाभ के लिए एक dormitory भी बनायी जा रही है। एक International Level Sports Complex के लिए suitable जमीन की तलाश की जा रही है।

संघ प्रदेश में व्यापक खेल नीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन को बढ़ावा दिया जाये। बेहतर संरचना के साथ साथ, हमारा इरादा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में

भाग लेने और मेडल जीतने की है। नीति में outstanding sportsmen coaches और physical education teachers की पहचान और बढ़ावा भी शामिल है ताकि हर एक को संघ प्रदेश में बेहतर खेल संस्कृति तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

**<u>Sarathi Bus Sewa</u>**:

आज भी संघ प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन बसें या तो Private Owner के द्वारा या फिर Gujarat State Road Transport Corporation के द्वारा चलाया जा रहा है । संघ प्रदेश प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि वह अपनी खुद की बस सेवा आरंभ करेगी जिसका नाम सारथी बस सेवा होगा जो सक्षम, सुरक्षित और भरोसेमंद होगी। प्रत्येक सारथी सेवा बस में सुरक्षा की दृष्टिकोण से CCTV कैमरे लगे होंगे और GPS enabled होंगी ताकि विश्वसनीयता के लिए उसके आवागमन पर ध्यान रखा जा सके। हमारा इरादा इन सेवाओं को दमण में तीन रूटों पर और दीव में दो रूटों पर आरंभ करने की है। ये बसें OIDC द्वारा चलाई जायेंगी। बसों की खरीद के लिए tender आमंत्रित किया जा चुके हैं।

**Barrier Free Access Environment**

समता एवं समान अवसर प्रदान करने के प्रयास और Persons with Disabilities (Equal Opportunities, Protection of Rights & Full Participation)Act,1995 के प्रावधानों को लागू करने के लिए संघ प्रशासन ने अपने सभी मौजूदा भवनों को barrier free बनाने का निर्णय लिया है, ताकि शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति भवनों में बिना किसी परेशानी के प्रवेश कर सकें । पहले कदम के रूप में प्रशासन ने जाने-माने NGO “Samarthyam” (National Centre for Accessible Environment) के साथ मिलकर सभी महत्वपूर्ण सरकारी भवनों में Access audit कराने का का निर्णय लिया है ।

इस विशेष पहल से सभी विकलांग व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं तथा बीमार व्यक्तियों को लाभ मिलेगा । शुरूआत में संघ प्रशासन ने दमण में audit के लिए 35 भवनों की पहचान की है और यह काम अगले महीने शुरू किया जायेगा । Audit report मिलने के बाद हम सभी जरूरी बदलाव इसी वर्ष के दौरान करने की कोशिश करेंगे ।

**OIDC:**

OIDC प्रशासन का एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस कॉर्पोरेशन को कई महत्वपूर्ण निमार्ण परियोजनाऐं सौंपी गई है जो संघ प्रदेश के विकास के लिए अहम है। इसमें ब्रिजों का निर्माण, जल एवं जल-निकासी योजनाऐं, झुग्गी-झोपड़ियों का पुनर्वास, औद्योगिक एवं आधारभूत विकास और housing project शामिल हैं।

OIDC Corporate Social Responsibility के तहत सामाजिक सेक्टर में प्रत्यक्ष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**Sankalp – Corporate Social Responsibility Initiative**:

संघ प्रदेश ने दादरा एवं नगर हवेली में एक अनोखी परियोजना की शुरूआत की है जिसका नाम "संकल्प" रखा गया है, जिसमें औद्योगिक ईकाइयों को गॉवों या कस्बों को अपनाने या इन क्षेत्रों में विविध सुविधाओं या सेवाओं को पहुँचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हम महसूस करते हैं कि यह परियोजना दमण के लिए भी संभावनाओं से भरी है, इसलिए इस प्रदेश में संकल्प की पहल को तुरंत आरंभ करने का हमारा विचार है। हम एक ऐसा ढ़ॉचा तैयार करेंगे जहॉ औद्योगिक ईकाइयॉ सामने आकर इस कार्यक्रम में अपनी इच्छा से भाग लेंगी । प्रशासन स्थानीय परामर्श के आधार पर गॉवों के लिए

आवश्यक सुविधाओं की रूप-रेखा तैयार करेगा और ये सुविधाऐं औद्योगिक ईकाइयों द्वारा व्यवस्थित तरीके से उपलब्ध कराई जायेंगी। हमारी इच्छा है कि प्रदेश में सभी औद्योगिक ईकाइयां किसी गॉव या कस्बे को विशेष रूप से सहायता उपलब्ध कराने का संकल्प ले ।

**<u>Law and Order</u>**:

संघ प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है। दमण एवं दीव के सभी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर CCTV कैमरे लगाये गये हैं। शीघ्र ही जमपौर बीच में एक tourist assistance booth खोला जायेगा। PCR patrolling को प्रभावी रूप से मजबूत किया गया और सुरक्षा को बढ़ाया गया है। हमारी CCTNS project का कार्य भी schedule के अनुसार प्रगति पर है।

मुझे आज आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस सब इन्सपेक्टर श्री सुरेश शाह एवं हेड कॉस्टेबल सुश्री मारिया परेरा को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है । यह पदक इस पूरे संघ प्रदेश के लिए हर्ष और गौरव की बात है ।

**<u>और अंत में</u>**

मैंने अपने अभिभाषण में केवल महत्वपूर्ण उपलब्धियों और प्रशासन की पहल का उल्लेख किया है, लेकिन मैं आपको आश्वासन देता हूँ कि हम आम नागरिक के जीवन में निरंतर सुधार के सभी कदम उठाएँगे ।

मैं यह कहना चाहूँगा कि इस प्रदेश का चौतरफा विकास जनता और निर्वाचित प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है और मैं इस प्रयास में उनका निरंतर समर्थन की आशा करता हूँ । किसी ने ठीक ही कहा है –

**" मैं जानता हूँ कि सफर में धूप तो होगी ।**
**लेकिन हमारे इरादों में भी आंच कम नहीं होगी ।।"**

मैं इस शुभ अवसर पर दमण एवं दीव की जनता की खुशहाली और समृद्धि की कामना करता हूँ ।

**जय हिन्द**